K. P. C. PUBLIC SCHOOL, KHARGHAR

ASSESSMENT - IV (2022-23)

GRADE: V **MARKS: 40**

SUBJECT : HINDI **TIME: 2 HOURS**

सूचनाएँ = १) प्रश्न लिखकर उत्तर लिखना आवश्यक है। (Objective Questions)
२) प्रश्न क्रमांक लिखना आवश्यक है।
३) पत्रलेखन का प्रश्न लिखना आवश्यक है।
४) शुद्ध, स्पष्ट एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित है।

प्रश्न १) निम्नलिखित पठित परिच्छेद पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।

श्री ई. श्रीधरन का जन्म 12 जून 1932 को केरल के पलक्कड़ में पत्तांबी नामक स्थान में हुआ। इनके पिता का नाम के. नीलकांतन मूसद और माता का नाम अम्मालु अम्मा है। ये बचपन से ही एक मेधावी छात्र रहे हैं। इनकी प्रारंभिक शिक्षा पलक्कड़ के 'बेसल इवैंजेलिकल मिशन हायर सेकेंडरी स्कूल' से हुई। फिर इन्होंने पालघाट के 'विक्टोरिया' कॉलेज में पढ़ाई की। ई. श्रीधरन एक सिविल इंजीनियर हैं। इनका विवाह राधा श्रीधरन से हुआ। इनके तीन लड़के और एक लड़की है। इन्होंने बचपन से ही हमेशा अपना काम समय पर समाप्त करना सीखा। इनके इसी गुण के कारण यह अपनी योजनाओं को समय से पहले पूरा करने वाले व्यक्ति के रूप में प्रसिद्ध हुए।

क) रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्द से कीजिए। **(३ अंक)**

१) इनका विवाह ______ श्रीधरन से हुआ।
२) ई. श्रीधरन एक _______ इंजीनियर हैं।
३) इन्होंने ________ के 'विक्टोरिया' कॉलेज में पढ़ाई की।

ख) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर एक वाक्य में लिखिए। **(१ अंक)**

१) श्री ई. श्रीधरन जी बचपन से ही कैसे छात्र रहे हैं?

ग) मेरी राय (स्व-अध्ययन पर प्रश्न) **(२ अंक)**

१) मेट्रो ट्रेन से होने वाले लाभ लिखिए।

प्रश्न २) क) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए। **(४ अंक)**

१) पौराणिक = २) यातायात =

ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीर्घ लिखिए। **(४ अंक)**

१) हमारी पारंपरिक कलाएँ क्यों समाप्त होती जा रही है?
२) श्री ई. श्रीधरन जी को 'रेलवे मंत्री पुरस्कार' क्यों दिया गया?

ग) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो शब्दों में लिखिए। **(५ अंक)**

१) मोहनजोदड़ो में कौन-सी पुरानी मूर्ति पाई गई।
२) श्री ई. श्रीधरन जी को भारत सरकार ने 'पद्म विभूषण' से कब नवाज़ा?
३) कलमकारी शिल्प में कौन-से रंगों का इस्तेमाल किया जाता है?
४) श्री ई. श्रीधरन जी के प्रयासों से किसका नक्शा बदल गया?
५) बाज़ार में किन वस्तुओं की अधिकता हो गई है?

प्रश्न ३) निम्नलिखित अपठित परिच्छेद पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।

बढ़ती जनसंख्या ने अनेक प्रकार की समस्याओं को जन्म दिया है-रोटी, कपड़ा, मकान की कमी, बेरोजगारी, निरक्षता, कृषि एवं उद्योगों के उत्पादनों में कमी आदि। हमारा देश जनसंख्या की दृष्टि से विश्व में दूसरे स्थान पर है। हम जितनी अधिक उन्नति करते हैं या विकास करते हैं, जनसंख्या उसके अनुपात में बढ़ जाती है। बढ़ती जनसंख्या के समक्ष हमारा विकास बहुत कम रह जाता है और विकास कार्य दिखाई नहीं देते। बढ़ती जनसंख्या के समक्ष सभी सरकारी प्रयास असफल दिखाई देते हैं। कृषि उत्पादन और औद्योगिक विकास बढ़ती जनसंख्या के सामने नगण्य सिद्ध हो रहे हैं। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए जनसंख्या वृद्धि पर नियत्रंण की अति आवश्यकता है। इसके बिना विकास के लिए किए गए सभी प्रकार के प्रयत्न अधूरे रह जाएँगे।

क) निम्नलिखित वाक्य सही या गलत लिखिए। (३ अंक)

१) बढ़ती जनसंख्या ने अनेक प्रकार की समस्याओं को जन्म दिया है।

२) जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण की अति आवश्यकता है।

३) हमारा देश जनसंख्या की दृष्टि से विश्व में प्रथम स्थान पर है।

ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर का सही पर्याय चुने। (२ अंक)

१) बढ़ती जनसंख्या के समक्ष हमारा विकास कैसे रह जाता है?

I) ज्यादा II) कम III) दुगना

२) कृषि उत्पादन और औद्योगिक विकास बढ़ती जनसंख्या के सामने कैसे सिद्ध हो रहे हैं?

I) नगण्य II) कमजोर III) सफल

ग) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर एक वाक्य में लिखिए। (१ अंक)

१) बढ़ती जनसंख्या के समक्ष सभी सरकारी प्रयास कैसे दिखाई देते हैं?

प्रश्न ४) क) नीचे दिए गए मुहावरों को उनके सही अर्थों से मिलाइए। (४ अंक)

क्र.	मुहावरे	उत्तर	अर्थ
१.	दिन-रात एक करना		अत्यधिक प्यारा होना
२.	दंग रह जाना		मदद करना
३.	आँखों का तारा		बहुत मेहनत करना
४.	हाथ बँटाना		हैरान रह जाना

ख) रेखांकित कारक चिह्नों के भेद लिखिए। (४ अंक)

१) रमेश कल गाँव **से** आया।

२) राधा **ने** खिलौने लाए।

३) दीदी उपहार **के लिए** एक पुष्पगुच्छ लाई।

४) मेज **पर** पुस्तक रखी है।

ग) निम्नलिखित शब्दों का वर्ण-विच्छेद कीजिए। (२ अंक)

१) भारत =

२) मीठा =

प्रश्न ५) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर पत्रलेखन लिखिए। (५ अंक)

१) समय का महत्त्व बताते हुए अपने छोटे भाई / बहन को पत्र लिखिए।

२) सड़कों की दुर्दशा पर खेद और चिंता प्रकट करते हुए नगरपालिका अध्यक्ष को पत्र लिखिए।